नितिन गडकरी
NITIN GADKARI

मंत्री
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग
भारत सरकार
Minister
Road Transport and Highways
Government of India

23 जुलाई, 2021

D.O.15383.76./MIN/RT&H/VIP/202/

प्रिय श्री नीतीश मिश्रा जी,

आपका पत्रांक: 218/2021, दिनांकित: 13.07.2021 प्राप्त हुआ, जोकि बिहार के मधुबनी जिलान्तर्गत एन.एच.–57 के 88वें कि.मी. पर स्थित राजे टोल प्लाजा से कोशी महासेतु (174.2 कि.मी.) तक राष्ट्रीय राजमार्ग में मरम्मत एवं कार्य कराने के संबंध में है।

उपर्युक्त पत्र को संबंधित अधिकारी को प्रेषित कर दिया गया है।

सादर,

आपका,

(नितिन गडकरी)

श्री नीतीश मिश्रा,
पूर्व मंत्री,
112, कौटिल्य नगर,
पटना – 800014

Room No. 501, Transport Bhawan, 1, Sansad Marg, New Delhi – 110 001, Tel.: (RTH) 011-23710121, 23711252 (O), 23719023 (F),
E-mail: nitin.gadkari@nic.in; website-www.morth.nic.in

नीतीश मिश्रा

पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 218/2021
Dt- 13-7-2021

परमादरणीय मंत्री महोदय,

विषयः—**बिहार के मधुबनी जिलान्तर्गत एन0एच0—57 के 88वें कि0मी0 पर स्थित राजे टोल प्लाजा से कोशी महासेतु (174.2वें कि0मी0) तक राष्ट्रीय राजमार्ग में मरम्मति एवं अन्य कार्य कराने के संबंध में।**

सड़क परिवहन देश के आर्थिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचा है। यह गति, संरचना और विकास के प्रतिरूप को प्रभावित करती है। भारत में कुल माल ढुलाई का 60 प्रतिशत एवं यात्री याता—यात को 85 प्रतिशत सड़कों से ले जाया जाता है। वर्ष 2014 से आपने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय संभाला है। आपके सफल नेतृत्व एवं कुशल प्रशासनिक क्षमता के कारण बिहार में भी राजमार्गों एवं वृहत पुलों का जाल बिछ गया है, जिस पर जनता आज गर्व कर रही है। यह आत्मनिर्भर बिहार बनाने की दिशा में आपके दुरगामी सोच का परिणाम है।

इसी के परिप्रेक्ष्य में ईस्ट—वेस्ट कोरिडोर के नाम से प्रसिद्ध मुख्य मार्ग एन0एच0—57 जो पोरबंदर (गुजरात) से सिलचर (असम) तक जाती है, बिहार के मधुबनी जिला के साथ—साथ मेरे विधान सभा क्षेत्र झंझारपुर के मध्य से गुजरती है। एन0एच0—57 में 88वें कि0मी0 पर स्थित राजे टोल प्लाजा से 174.2वें कि0मी0 पर अवस्थित कोशी महासेतु तक राजमार्ग में निम्नलिखित जगहों पर उत्पन्न समस्याओं के प्रति ध्यानाकृष्ट एवं जनहित में उसका निदान कराने की आप से अपेक्षा है।

1. एन0एच0—57 के 93वें कि0मी0 पर स्थित पैटघाट में एन0एच0—57 के दोनों तरफ पहुँच पथ में गड्ढा के कारण पानी भरने से कई बार दुर्घटनाऐं हो चुकी है। लोहना दक्षिण पाठशाला मुसहरी ढलान, लोहना हटियागाछी के पास दक्षिण में सड़क बिन्देश्वर जानेवाली ढलान एवं पैटघाट पहुँच पथ लालगंज गांव जानेवाली सड़क ढ़लान का मरम्मति कार्य होना अत्यंत आवश्यक है।
2. एन0एच0—57 के 99वें कि0मी0 पर स्थित महिनाथपुर अंडरपास के अंदर ढ़लाई नहीं होने से गड्ढा हो जाने एवं कीचड़ से दुर्घटनाऐं होती रहती है। अंडरपास में पी0सी0सी0 कराना आवश्यक है।
3. एन0एच0—57 के 100वें कि0मी0 पर स्थित समिया ढाल का पहुँच पथ पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त है, जिसके कारण छोटे एवं मध्यम वाहन को एन0एच0—57 पर आने जाने में काफी कठिनाई हो रही है।
4. उक्त एन0एच0 के 106वें कि0मी0 पर मोहना ढ़ाल से होकर क्षेत्र के प्रतिदिन हजारों लोग सड़क पार करते है। यह सड़क झंझारपुर अनुमंडल जाने का मुख्य पथ है सड़क पर गतिरोधक अथवा संकेतक नहीं रहने से दुर्घटना होती

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in

रहती है। मोहना ढ़ाल के समीप दोनों तरफ आने–जाने का स्पष्ट संकेतक अथवा गतिरोधक बनाना अनिवार्य है।

5. उक्त राजमार्ग के 100.500वें कि0मी0 पर नवटोलिया ग्राम स्थित है, इस गांव में जाने का एक मात्र मार्ग है। इस गांव की आबादी लगभग 1000 है। कमला नदी में अत्यधिक पानी आ जाने के पश्चात सड़क पानी में डूब जाता है, जिसके कारण उस गांव के आमजनों को गांव से बाहर निकलना बंद हो जाता है। एन0एच0–57 से नवटोलिया ग्राम तक जानेवाली पहुँच पथ अभी तक नहीं बनाया गया है। जिस कारण गांव के लोगों को बाहर निकलने मे कठिनाई होती है।
6. एन0एच0–57 के 107वें कि0मी0 पर स्थित ग्राम सिमरा से दक्षिण मछधी और बलियारी गांव की ओर जानेवाली सड़क को एन0एच0 से पहुँच पथ नहीं बनाया गया है, जिस कारण वहां के लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।
7. एन0एच0–57 के 111वें कि0मी0 पर अवस्थित अररिया संग्राम में दोनों तरफ बाजार है, लिंक पथ नहीं रहने के कारण यहां जल जमाव की समस्या बनी रहती है। यह इलाका बाजार होने से भीड़ की समस्या एवं व्यावसायिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। उक्त परिप्रेक्ष्य के एन0एच0–57 दोनों तरफ लिंक पथ का निर्माण कराना आवश्यक है।
8. एन0एच0–57 के नीचे से इस क्षेत्र में जो अंडरपास बनाये गये है वहां जल–जमाव रहने से आवागमन में परेशानी होती है। जल–निकासी का समुचित प्रबंध कराना आवश्यक है।
9. एन0एच0–57 के अररिया अंडर पास में जल जमाव रहने से आवागमन में परेशानी होती है। जल निकासी का समुचित प्रबंध कराना अनिवार्य है।

आपने जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता के साथ निदान का प्रयास कर रहे है, उसकी जितनी भी सराहना की जाय, कम है।

अतः विनम्र आग्रह है कि उपरोक्त एन0एच0–57 की समस्या के निदान की दिशा में समुचित कार्रवाई करने पर समुचित विचार करना चाहेंगे।

सादर,

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 13.7.21

सेवा में,

श्री नितिन जयराम गडकरी जी,
माननीय मंत्री,
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय,
भारत सरकार, नई दिल्ली।